भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 889

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर मरम्मत कार्य

889. डॉ. गुम्मा तनुजा रानी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में आई बाढ़ और तूफान से क्षतिग्रस्त हुए आंध्र प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों और पुलों के लिए धनराशि जारी की है या मरम्मत कार्य को तेज किया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्काल मरम्मत के लिए कितने खंडों को मंजूरी दी गई है और उसके लिए कितनी धनराशि जारी की गई है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) अंतर-राज्यीय संपर्क को प्रभावित कर रहे सड़क के मरम्मत कार्य के पूरा होने के क्या मानदंड हैं और अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) हाल ही में आए बाढ़/तूफान के कारण आंध्र प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों/पुलों को कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। इन खंडों पर कुछ मामूली नुकसान की सूचना प्राप्त हुई थी जिसे इन खंडों पर तैनात संविदाकारों द्वारा सुधार दिया गया था। पहले से स्वीकृत रखरखाव कार्यों में से राष्ट्रीय राजमार्गों को हुई सामान्य क्षति को सुधारने के लिए नियमित रखरखाव कार्य किया जा रहा है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

*****